# प्रदेश में उच्च दक्षता वाला औद्योगिक माहौल : नंदी

**लखनऊ।** अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि यूपी उच्च दक्षता वाला औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र बना रहा है। उन्होंने औद्योगिक विकास में बैंकों की भूमिका की सराहना की।

कहा, बैंक सिर्फ पूंजी उपलब्ध कराने वाले संस्थान नहीं हैं, बल्कि समग्र विकास बैंकों के रास्ते से ही आगे बढ़ता है। उन्होंने उद्यमियों को यूपी में मिल रहीं सुविधाओं को भी सामने रखा। नंदी सोमवार को राजधानी स्थित एक होटल में इंडियन इन्वेस्टर्स फेडरेशन की ओर से हुए 10वें बैंकिंग लीडरशिप समिट एंड अवॉर्ड्स-2025 समारोह में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश वैश्विक मानकों पर भी पूरी तरह से खरा उतरेगा। उन्होंने निर्यातोन्मुख उद्योगों के तीव्र विकास, एनआरआई निवेश को सुगम बनाने, विश्वस्तरीय मैन्युफैक्चरिंग जोन और लॉजिस्टिक्स हब के निर्माण, लॉजिस्टिक्स आदि के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज भी बताए। राज्य की औद्योगिक विकास यात्रा और भविष्य की योजनाओं को विस्तार से समझाया। इस कार्यक्रम में देश के प्रमुख बैंकर, नीति-निर्माता, उद्योगपति, वित्तीय विशेषज्ञ, वरिष्ठ नौकरशाह, शिक्षाविद और उद्यमी शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यूपी में निवेश प्रवाह, एमएसएमई सशक्तीकरण, क्रेडिट सुधार और नई औद्योगिक रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श करना था। ब्यूरो



**बैंकर्स और जाने-माने उद्यमी कार्यक्रम में किए गए सम्मानित**

## यूपी सबसे आकर्षक निवेश गंतव्य : अजय

टीजीआई एसएमई कैपिटल मुंबई के सीईओ और मैनेजिंग पार्टनर अजय ठाकुर ने कहा, यूपी ने एमएसएमई क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। राज्य की जीडीपी ग्रोथ रेट 8.2 प्रतिशत तक पहुंच गई है। कहा, यूपी देश का सबसे आकर्षक निवेश गंतव्य बनकर उभरा है। कैनरा बैंक के अजित कुमार मिश्रा ने कहा कि एक्सप्रेसवे, एथेनॉल उत्पादन, ओडीओपी आदि क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वित्त पोषण किया जा रहा है।